कटंगी क्षेत्र में रेल संचालन के लिये एम.पी. ट्रांसको ने ऊर्जीकृत किया रेलवे ट्रेक्शन फीडर

चर्चा में क्यों?

2 फरवरी, 2023 को एम.पी. ट्रांसको (मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) ने कटंगी क्षेत्र में विद्युत से रेल के सुगम संचालन के लिये दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के लिये एक रेलवे ट्रेक्शन फीडर तैयार किया है और लगभग 12 करोड़ की लागत से निर्मित इस फीडर और लाइन का निर्माण, निरीक्षण और परीक्षण कर इसे ऊर्जीकृत कर दिया गया।

प्रमुख बिंदु

- मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभियंता दीपक जोशी ने बताया कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने बालाघाट-कटंगी रेलखंड पर रेल संचालन के लिये एक 132 के.व्ही. ट्रेक्शन फीडर की मांग की थी। रेलवे द्वारा सभी औपचारिकताएँ पूरी करने के बाद एम.पी. ट्रांसको ने इस फीडर और लाइन का निर्माण कर इसे ऊर्जीकृत करने में सफलता प्राप्त की।
- उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा 132 के.व्ही. सबस्टेशन कटंगी से रेलवे ट्रेक्शन सबस्टेशन कटंगी तक साढ़े 11 किलोमीटर की इस फीडर को कुल 47 टावर से विद्युत सप्लाई उपलब्ध कराई गई है।
- इस ट्रेक्शन फीडर के प्रारंभ हो जाने से रेलवे के बालाघाट-कटंगी सेक्शन के लिये अब एक और विद्युत सप्लाई उपलब्ध हो गई है।
- विदित है कि पहले एम.पी. ट्रांसको के 132 के.व्ही. लालबर्रा सबस्टेशन से 132 के.व्ही. आरटीएस फीडर समनापुर के माध्यम से बालाघाट-कटंगी सेक्शन संचालित होता था।
- इस आरटीएस फीडर के निर्माण से बालाघाट के साथ बालाघाट-कटंगी-तिरोड़ी का लगभग 60 किलोमीटर रेल सेक्शन लाभान्वित हो सकेगा। इससे रेलवे को गुणवत्तापूर्ण विद्युत सतत् प्राप्त हो सकेगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mp-transco-energized-railway-traction-feeder-for-rail-operations-in-katangi-area